कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ -226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC)Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002

विषय : रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) लखनऊ कार्यालय की दिनांक 09.08.2017 को संपन्न राजभाषा **कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क.) लखनऊ कार्यालय में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2017 की तृतीय तिमाही बैठक श्री राजेश चन्द्रा,भा.र.ले.से., अपर नियंत्रक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 09.08.2017 को कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :

क्रम	अधिकारियों के नाम	पद
1	श्रीमती प्रियंका चन्द्रा, भा.र.ले.से., संयुक्त नियंत्रक	सदस्य
2	श्री प्रीतम दत्ता, भा.र.ले.से., उप नियंत्रक	सदस्य
3	श्री रंकज प्रकाश सिंह, उप नियंत्रक	सदस्य
4	श्री एस. के. गुप्ता, व.लेखाधिकारी	सदस्य
5	श्री दिपंकर लाहिड़ी, व.लेखाधिकारी	सदस्य
6	श्री महेश बाबू गुप्ता, व.लेखाधिकारी	सदस्य
7	श्रीचन्द्र प्रकाश, व.लेखाधिकारी	सदस्य
8	श्री उमेश कुमार , व.लेखाधिकारी	सदस्य
9	श्री राजीव कुमार, व.लेखाधिकारी	सदस्य
10	श्री अजय कुमार, व.लेखाधिकारी	सदस्य
11	श्री संजय श्रीवास्तव , व.लेखाधिकारी	सदस्य
12	श्री सर्वेश कुमार, व.लेखाधिकारी	सदस्य
13	श्री टी.एस. अधिकारी, व.लेखाधिकारी	सदस्य-सचिव
14	श्री अनिल कुमार गुप्त, व.लेखाधिकारी	सदस्य
15	श्री बृजेश कुमार गुप्ता, व.लेखाधिकारी	सदस्य
16	श्री विनय कृष्ण श्रीवास्तव, लेखाधिकारी	सदस्य
17	श्री राकेश कुमार ,लेखा अधिकारी	सदस्य
18	श्री रीतेश कुमार,सहा. लेखा अधिकारी	सदस्य
19	श्री संदीप चौहान, सहा. लेखा अधिकारी	सदस्य

अन्य उपस्थित :

श्री राजीव कुमार, वरिष्ठ अनुवादक

श्रीमती गुंजन चौरसिया, व. लेखा परीक्षक

सर्वप्रथम सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय के साथ बैठक में उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

मद संख्या-01 पिछली तिमाही में संपन्न बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि पिछली बैठक दिनांक 15.05.2017 को संपन्न हुई थी। उक्त बैठक के कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। अत: सर्वसम्मति से उस कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

मद संख्या -02 पिछली तिमाही की बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :

पिछली तिमाही बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई के बारे में सदस्य सचिव ने विस्तृत विवरण दिया जो इस प्रकार है :

मद संख्या -03 पिछली तिमाही के रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :

बैठक मेंराजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित पिछली दो तिमाही 03/2017 एवं 06/2017 के रिपोर्ट की तुलनात्मक समीक्षा की गई जिसमें यह पाया गया की मुख्य कार्यालय के रिपोर्ट में तिमाही 03/2017 की तुलना में तिमाही 06/2017 में 'क' एवं 'ख' क्षेत्र से किए जा रहे हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में क्रमश: 3.18% एवं 3.26% की वृद्धि दर्ज की गई है।

समेकित रिपोर्ट (मुख्य कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय) में 'क' 'ख' एवं 'ग' क्षेत्रों से हुए हिंदी पत्राचार की प्रतिशतता में क्रमश: 1.00%, 0.49% एवं 12.76 की वृद्धि दर्ज की गई है।

मद संख्या – 04 संगठन में हिंदी पदों की स्थिति :

वर्तमान में हमारे संगठन में राजभाषा संवर्ग के पदों की स्थिति इस प्रकार है :

पद	स्वीकृत	भरे गए	रिक्त
सहायक निदेशक (राजभाषा)	02	00	02
वरिष्ठ अनुवादक	01	01	00
कनिष्ठ अनुवादक	04	02	02

मद संख्या-05 आगामी तिमाही में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में किये जाने हेतु समिति के निर्णय एवं सुझाव:

आगामी तिमाही में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए समिति के सदस्यों एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय/सुझाव दिए गए :-

1. समिति ने सुझाव दिया कि कार्यालय की गृह पत्रिका 'लेखा भारती' के अगले संस्करण के प्रकाशन में तेजी लाने हेतु हर स्तर पर प्रयास किया जाए। विशेष रूप से व.लेखाधिकारी / लेखाधिकारीगण पत्रिका हेतु अपनी रचनाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करें। सभी अधीनस्थ कार्यालयों एवं अनुभागों से यह अपेक्षा की गई की पत्रिका हेतु कम से कम एक रचना अवश्य प्राप्त होनी चाहिए। साथ ही रचनाओं के आमंत्रण हेतु पुन: एक परिपत्र जारी किया जाए।

   हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले निबंध प्रतियोगिता की रचनाओं को भी पत्रिका में शामिल किया जाए। समिति ने रचनाकारों को उनकी रचनाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ पत्रिका की एक प्रति भी उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

   (कार्रवाई –मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग एवं अधीनस्थ कार्यालय)

2. समिति ने यह सुझाव दिया की विभागीय विषयों से संबंधित पुस्तकें खरीदते समय राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित , कुल क्रय पुस्तकों का 50% हिन्दी की पुस्तकें खरीदने के, लक्ष्य को ध्यान में रखा जाए।

   (कार्रवाई – प्रभारी अधिकारी, प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग)

3. राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हिन्दी पत्राचार में वृद्धि लाने का निरंतर प्रयास किया जाए तथा जिन अनुभागों / कार्यालयों के हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत 90% से कम है वे उसे बढ़ाए जाने का ठोस प्रयास करें।

   (कार्रवाई –मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग एवं अधीनस्थ कार्यालय)

4. हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं मे वित्तीय वर्ष 2016-17 में लिखी गई श्रेष्ठ कार्यालय टिप्पणियों को भी शामिल किया जाए।

अंत में सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय व समिति के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

व.लेखा अधिकारी (हिंदी)